समाचार

सी.एस.ई.बी. चौक से स्टेडियम चौक होकर आगे जाने का मार्ग खुलेगा

(सड़क निर्माण कार्य पूरा, 08 अक्टूबर से चल सकेगे वाहन)

कोरबा 06 अक्टूबर 2015 –सी.एस.ई.बी. चौक से स्टेडियम चौक होकर आगे की ओर जाने वाले वाहनों के लिए उक्त मार्ग 08 अक्टूबर से खोल दिया जाएगा।

निगम के कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. चौबे ने बताया कि स्टेडियम चौक से हिमांचल गैरेज, नया पेट्रोल पम्प एवं नवनिर्मित पुलिया तक किया जा रहा सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होने बताया कि उक्त निर्माण कार्य चालू होने के कारण उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद था। चूंकि अब निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, अतः 08 अक्टूबर को उक्त मार्ग को आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होने बताया कि सी.एस.ई.बी. चौक से स्टेडियम चौक होकर आगे जाने वाले मार्ग पर अब वाहनों का आवागमन 08 अक्टूबर से हो सकेगा।